राजकोट, जामनगर और भावनगर में उपरि पुलों का निर्माण

5557 **श्री विमनभाई हरिभाई शुक्ल** क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजकोट, जामनगर और भावनगर में उपरि पुलों के निर्माण के संबंध में मौजूदा स्थिति क्या है ;

(ख) क्या सरकार ने इनको पूरा करने के लिए कोई समयबद्ध योजना तैयार की है ;

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(घ) क्या राजकोट में महिला कालेज चौक और राजकोट के बीच से गुजरने वाली रेल लाइन पर कैसर हस्पताल के समीप निचले पुल अथवा उपरि पुल के निर्माण में अब तक कोई प्रगति हुई है ;

(ङ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं, और इसमें क्या रुकावटें आ रही है ?

रेल मंत्री (श्री सी०के० जाफ़र शरीफ़) : (क) से (च) जामनगर के निकट लखाववाल रोड पर निक्षेप शर्तों पर समपार स० 2 के बदले ऊपरी सड़क पुल का निर्माण कार्य एक अनुमोदित कार्य है । राज्य सरकार द्वारा संशोधित अनुमान स्वीकार कर लिए जाने तथा इसकी लागत रेलवे के पास जमा करा दिए जाने के बाद ही रेलवे द्वारा इस कार्य को शुरू किया जाएगा

गुजरात सरकार ने राजकोट में महिला कालज के निकट एक ऊपरि सड़क पुल के निर्माण का प्रस्ताव किया है । राज्य सरकार द्वारा पूर्वा अपेक्षित औपचारिकताएं पूरी कर लेने के बाद इस कार्य को रेलो के निर्माण कार्यक्रम में शामिल करने के बारे मे विचार किया जाएगा ।

राज्य सरकार से भावनगर के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है । कि. मी. 168/3-4 पर समपार सं. 220 को बदलने के लिए 1991 मे दिया गया सुझाव भावनगर नगर निगम के प्राधकारियों के साथ मिलकर किए गए संयुक्त निरीक्षण के बाद व्यावहारिक नही पाया गया था ।

नये रेलवे जोनों की स्थापना किया जाना

5558. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे विभाग ने हाल ही मे कतिपय नये रेलवे जोनों की स्थापना करने के लिए कोई निर्णय लिया है ;

(ख) यदि हां, तो किन-किन स्थानो पर इन नये जोनों की स्थापना किए जाने का विचार है और इस कार्य के कब तक पूरा हो जाने की संभावना है ?

रेल मंत्री (श्री सी०के० जाफ़र शरीफ़) : (क) और (ख) जोनों और मंडलों के पुनर्गठन से संबंधित मुद्दों का अध्ययन हाल ही मे इस मंत्रालय द्वारा पूरा किया गया है । प्रस्ताव तैयार करने और अन्य सम्बद्ध मामलों के बारे में आगे कार्रवाई की जा रही है ।

गुजराती समाज दिल्ली में रेल यात्री सेवा एजेंट का अनाधिकृत रूप से कार्यकरण

5559. **श्री दिलीप सिंह जूदेव :** क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेल आरक्षण एजेंट पुरानी दिल्ली स्थित गुजराती समाज मे अवैध रूप से कार्य कर रहे हैं और अतिथियों/यात्रियों को जाली और बेनामी रेल टिकट बेच रहे हैं ; जिसके फल-